# माता के गूंज रहे हैं जयकारे सूरौठ कस्बे में जगह जगह चल रहें पदयात्रियों के लिए भंडारे लगे

**सूरौठ ।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध आस्था धाम कैलादेवी माता के दर्शनों को दूरदराज से आ रहे श्रद्धालुओं से सड़कें अटी हुई है चारों ओर माता के जयकारे गूंज रहे है हाथों में माता का ध्वज लिए एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर पदयात्री चले जा रहे हैं मैया के दरबार में पहुंचने का भाव लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर भी श्रद्धालुओं को नहीं थका पा रहा है वहीं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा नाहीं हो, इसके लिए सूरौठ कस्बे वासियों ने भी पलक पांवड़े बिछा दिए है सर्व समाज के लोग दिन-रात पूर्ण सेवा भाव से जुटे हुए हैं पदयात्रियो की भारी आवक से बुधवार को यहां गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे पर श्रद्धालुओं का रैला नजर रहा है ।

आगरा एटा, इटावा, सहारनपुर, शमसाबाद सहित विभिन्न शहरों से बढ़ी संख्या में श्रद्धालु मैया के दरबार में पहुंचकर माथा टेक खुशहाली की मनौती मांग रहे हैं बाल-बच्चों सहित माता के दरबार पहुंचने का आस्था भाव कई किलोमीटर और कई दिनों के सफर को भी छोटा बना दे रहा है कई यात्री अपने-अपने दुपहिया, चौपहिया वाहनों से भी दर्शन करने के लिए पहुंच रहे है ।

मैया का रथ सजाए डीजे की धुन पर पदयात्री भजनों पर झूमते हुए कदम दर कदम चलते नजर आ रहे हैं माता के इन भक्तों को सेवा में सभी जगह सहित आसपास के गांवों के लोग पी कोई कसर नहीं छोड़ रहे माता के भक्त कृष्ण मोहन गोयल, बाबूलाल पाराशर,सुदेश शर्मा सुरेश सैनी ,नारायण सिंघल, सुरेश जांगिड़ हरीश जांगिड़, आदित्य जांगिड़, रमेश जांगिड़, जलीराम योगी, योगी समाज के सूरौठ तहसील अध्यक्ष जगदीश योगी, बत्तू, हरकेश योगी, चरण सिंह, गिरधारी, मुकेश, राकेश , भरती , प्रेमसिंह , लखन मीना राजेंद्र शर्मा, गिरजेश विजयवर्गीय कृष्णा गोयल सत्तों ताली, अमित गोयल, शशांक विजयवर्गीय, शिवराज योगी, मोनू योगी, ने बताया कि पाण्डालों में पदयात्रियों के लिए चाय नाश्ता, भोजन प्रसादी,, मेडिकल सुविधा के साथ विश्राम की व्यवस्था भी की गई है सड़क किनारे ऐसे दर्जनों पाण्डाल लगे हुए नजर आए नवयुवक मंडल सूरौठ, उदासी का बाग़ सूरौठ, आदि गौड़ ब्राह्मण समाज सूरौठ, कैलादेवी भक्त मंडल ढिंढोरा, मीना युवा विकास समिति सूरौठ, द्वारा सीपीयेड कांलेज पर पैदल यात्रियों को पाण्डाल में विश्राम की व्यवस्था के साथ ठंडा पानी, सहित कई व्यवस्था कि गई।



कैलादेवी माता के दर्शनों को दूरदराज से आने वाले भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है ।

■ श्रद्धालुओं से सड़कें अटी हुई है चारों ओर माता के जयकारे गूंज रहे है

## कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भरतपुर एवं डीग जिले के समस्त विभागीय बाल विकास परियोजना अधिकारियों, महिला पर्यवेक्षकों, चिन्हित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं तथा पोषण अभियान के अन्तर्गत कार्यरत मानव संसाधनों ने भाग लिया।

उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास सिकरामाराम चोयल द्वारा कार्यशाला मे पोषण अभियान के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों तथा इससे जुड़ी विभिन्न तकनीकी जानकारियां दी गई। गतिविधियों के संचालन में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त पोषण शिक्षा, पोषण के पांच सूत्र, स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम, मातृ शिशु स्वास्थ्य के तहत गर्भधारण करने से बच्चे के 6 माह पूर्ण होने तक की जाने वाली देखभाल के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। पोषण प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान अन्य महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमन्त्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। योजना से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया ।

## सार-समाचार

### दपरिजनों की सूचना पर पुलिस ने की नाकाबंदी

**नदबई भरतपुर।** नदबई कस्बे में रेलवे स्टेशन से एक छह बर्षीय बालक के अपहरण की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए बालक को तलाश करने का प्रयास किया। इसी दौरान हलैना वाईपास के समीप पुलिस को देख, अज्ञात बाइक सवार बदमाश, बालक को छोडकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुख्य बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पडताल कर अज्ञात बदमाश का सुराग लगाने का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने छह बर्षीय बालक को परिजनों को सौप दिया। सूत्रों की मानें तो छह बर्षीय बालक गौरांग कंसल पुत्र नीरज कंसल, रेलवे स्टेशन समीप अपने मकान के सामने खेल रहा था इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार बदमाश, बहला फुसलाकर बालक को अपने साथ बाइक पर ले गया। समीपवर्ती लोगों की सूचना पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बालक के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए बदमाश को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस नाकाबंदी देखते हुए अज्ञात बदमाश हलैना बाईपास के समीप बालक को छोडकर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल करते हुए बालक को परिजनों को सौप दिया। उधर, देर शाम तक पुलिस ने मुख्य बाजार में जगह-जगह लगे सीसीटीवी की जांच पडताल कर अज्ञात बाइक सवार बदमाश को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### बैठक आयोजित

**नदबई।** राजस्थान स्थापना दिवस पर भरतपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित अंत्योदय कल्याण योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों को शामिल होने व लाभार्थियों की सुविधाओं को लेकर नदबई पंचायत समिति सभागार में ब्लॉंकस्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम गंगाधर मीणा ने समारोह में पहुंचने वाले लाभार्थियों की आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देने की सख्त हिदायत देते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को शामिल होने को कहा। इससे पहले एसडीएम ने लाभार्थियों की जरुरतमंद सुविधाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारी व कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी। वही, लाभार्थियों को जागरुक करते हुए जनसम्पर्क कर समारोह में शामिल करने के निर्देश दिए। इस दौरान विकास अधिकारी सौदान सिंह, बीसीएमओ डॉं राहुल कौशिक, सहायक विकास अधिकारी उदयसिंह, प्रकाश सिंह, फतेह सिंह, मुकेश शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी श्रीराम सैनी सहित पंचायतीराज व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### एडीएम को दिया ज्ञापन

**नदबई ।** ग्रामीणों ने नदबई क्षेत्र के गांव लालपुर से करीली के बीच सडक निर्माण कराने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। बाद में एसडीएम गंगाधर मीणा ने विभीय उच्चाधिकारियों से चर्चा करते हुए समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने सडक निर्माण नही होने से सडक के बीच गंदा पानी व कीचड़ जमा होने का आरोप लगाते हुए बीमारी फैलने व रात्रि में हादसे की आशंका के बारे में बताया। बाद में विभागीय अधिकारियों पर अनदेखी बरतने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन देते हुए सडक निर्माण कराने की मांग की। बाद में एसडीएम ने प्राथमिकता से समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक कार्यक्रम

**भरतपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताहिक समारोह की श्रृंखला में बुधवार को ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर से राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े। जिला स्तरीय कार्यक्रम बीडीए ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है, किसान जब अपनी आवाज बुलंद करता है तो दूर तक जाती है, हमारा किसान विकसित होगा तो राष्ट्र विकसित होगा। उन्होंने कहा कि किसान राष्ट्र की प्रथम धुरी होती है, किसान हमारे देश की आत्मा है, पसीने की बूंद से सींच कर अन्न देते हैं इसलिए अन्नदाता कहलाते हैं, सूरज की तपती धूप और कड़ाके की ठंड में अन्न उपजाते हैं, किसान जीवन की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पीएम कुसुम ऊर्जा योजना आदि से किसानों को आर्थिक संबलता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ही पशुपालक के लिए हमारी डबल इंजन सरकार द्वारा मेडिकल वैन के माध्यम से घर घर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के विवादों का निपटारा आपसी सहमति से निस्तारण के लिए शिविर भी आयोजित किये जाएं। जिससे हमारे किसानों के समय और धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए दिन में बिजली मिले, इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को उपज का मूल्य दिलाने के लिए किसान उत्पादक संगठन वरदान साबित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार युवा पीढ़ी के सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। किसानों के बेटे बेटियों को रोजगार देने के लिए नौकरी कैलेंडर बनाया है। साथ समय पर नियुक्ति पत्र वितरित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 30 हजार कृषकों को 137 करोड रूपये राशि कृषक लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की गई एवं एफपीओ योजना संबंधी मार्गदर्शिका का विमोचन, पीएमएफएमई योजनान्तर्गत लाभार्थियों को चैक वितरण किये।

## शोभा यात्रा 6 अप्रैल को

**भरतपुर ।** श्रीराम आश्रम आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ मठ कौशलेश शर्मा ने आज बाबा दशमी होम, तोप में जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा आयोजित सर्व समाज सामूहिक उद्यापन उत्सव में प्रकाशक द्वारा अप्रैल 6 को बताया गया कि 6 अप्रैल 2025 को भगवान श्रीराम की भव्य मूर्तियां मंडी, कुम्हेर रोड से निकाली जाएंगी। शोभा यात्रा मुख्य बाजार, डेनमार्क, लक्ष्मण मंदिर, गंगा मंदिर, चौबुर्जा, बिजली घर हुए कॉलेज ग्राउंड में भगवान श्री राम की प्रतिमा की महाआरती होने के बाद खरीदारी होगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक श्री बांके बिहारी मंदिर आश्रम, किला जूनायन में श्रीरामकथा का आयोजन करने के लिए कलश यात्रा निकाली जा रही है। 29 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे लक्ष्मण मंदिर से कथा स्थल बिहारी जी मंदिर का शुभारंभ होगा। उन्होंने सभी पुरुष एवं महिलाओं से कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा में शामिल होने का आ ान किया। कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष हरिगोविंद मिश्रा, संरक्षक गोपाल गर्ग, संरक्षक महेश शर्मा, रोहित अरोड़ा, शेखा गुप्ता, अशोक राणा, देवेश जादौन, मानसिंह, संजय डिगिया, मंडल महिला अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, शशांक डिगिया, नीलम जादौन, प्रेरणा मिश्रा, अनि गुप्ता, विपक्ष आदि उपस्थित थे। अंत में समिति के प्रवक्ता हरि गोविंद मिश्रा ने सभी का सहभागी पद संभाला।

■ शोभा यात्रा मुख्य बाजार, डेनमार्क, लक्ष्मण मंदिर, गंगा मंदिर होते हुए मुख्य स्थान पर जायेगी

## डॉ. सुभाष गर्ग जनता से मिले

भरतपुर । पूर्व मंत्री एवं जूनून अध्यक्ष डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को एक दिव्य यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शहरी और ग्रामीण इलाकों का दौरा कर विभिन्न सामाजिक धार्मिक एवं कार्यक्रमों में भाग लिया। डॉ. गर्ग ने जनता की बातें सुनीं । डॉ. सुभाष गर्ग ने उंदरा गांव के सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षण कार्य में आ रही समस्याओं पर चर्चा की और शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। स्कूल में विद्यार्थियों की प्री-प्रॉब्लम समस्या से परेशान होकर उन्होंने हेडपैंप के उपयोग के साथ ही स्कूल परिसर में ग्राउंड एरिया को पक्का करने के लिए शीघ्र निर्माण के लिए जिला परिषद को पत्र लिखा। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने गांव नगला चांदनवारी में मैथिल ब्राह्मण महासभा, राजस्थान द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भी गये।

## स्काउट गाइड ने रैली निकाल आमजन को किया सौर ऊर्जा के लिए प्रेरित

**करौली** (निं.सं.) राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में सौर ऊर्जा अपनाओ रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पुरानी नगर पालिका पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय करौली इंद्रेश तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया । सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष में सौर ऊर्जा अपनाओ जागृति रैली का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी ने कहा कि हमारे भविष्य का ऊर्जा का स्त्रोत सौर ऊर्जा होने वाला है क्योंकि प्राकृतिक स्त्रोत कोयला पानी बिजली धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं जबकि सूरज हमेशा रहने वाला है और सौर ऊर्जा सूरज से प्राप्त होती है जो हमेशा रहने वाली है सौर ऊर्जा से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं होता है तथा प्रदूषण मुक्त होती है सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में राजस्थान प्रथम स्थान पर है एवं केंद्र सरकार सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने वाले व्यक्ति के लिए सब्सिडी भी प्रदान करती है उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर देश के आर्थिक विकास में सहयोग करना चाहिए इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहरा के प्रधानाचार्य अजीजुद्दीन खान ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पादन पानी गर्म करना खाना पकाना और अन्य का उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है तथा सौर ऊर्जा से बिजली की लागत को काम किया जा सकता है सौर ऊर्जा उद्योग में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है जो की आर्थिक विकास में मदद करते हैं शिविर संचालक रामदेव सिंह ने कहा कि सौर ऊर्जा संयंत्र को कहीं पर भी स्थापित किया जा सकता है यह शहरी अथवा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में स्थापित किया जा सकता है सहायक शिविर संचालक गिर्राज सिंह ने कहा सौर ऊर्जा का उपयोग करके ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है।

## साढे 61 लाख का अवार्ड पास

**गंगापुर सिटी ।** मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 61 लाख 46 हजार 672 रुपए अवार्ड पास किया है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अखिलेश कल्याण ने रोडवेज हिण्डौन डिपो के सहायक यातायात निरीक्षक की दुर्घटना में मौत के मामले में 61 लाख 46 हजार 672 रुपए का मुआवजा मंजूर किया है। हिंडौन डिपो में सहायक यातायात निरीक्षक के पद कार्यरत राकेश मीणा 17 सितंबर 2018 को रात 8 बजे हिण्डौन सिटी से गंगापुर सिटी की ओर जा रहे थे। सेवा गांव के पास दो ट्रकों से उनकी कार की टक्कर हो गई। पहले सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मारी और फिर पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने भी टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल राकेश को गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने वजीरपुर थाने में मामला दर्ज कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया।

## कलश यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान

भरतपुर। श्रीराम शोभायात्रा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा ने आज बाबा मैरिज होम, तोप सर्किल में जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा आयोजित सर्वसमाज एकादशी उद्यापन समारोह में पधारकर सभी भक्त जनों को संबोधित करते हुए बताया किआगामी 6 अप्रैल को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा अनाज मंडी, कुम्हेर रोड से निकाली जाएगी ।

शोभा यात्रा मुख्य बाजार, कोतवाली, लक्ष्मण मंदिर,गंगा मंदिर, चौबुर्जा, बिजलीघर होते हुए कॉलेज ग्राउंड में भगवान श्री राम की प्रतिमा की महाआरती होने के बाद संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक श्री बांके बिहारी मंदिर प्रांगण , किला भरतपुर में श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है ।

जिसकी कलश यात्रा 29 मार्च 2025 को प्रात: 9 बजे लक्ष्मण मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल बिहारी जी मंदिर पर पहुंचेगी। उन्होंने सभी पुरुष एवं महिलाओं से कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा में सम्मिलित होने का आ ान किया।कार्यक्रम में बांके बिहारी सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री जयप्रकाश गोयनका ने भी शोभा यात्रा को और ज्यादा भव्य बनाने के लिए सभी से शोभायात्रा और कलश यात्रा में सम्मिलित होने का आ ान किया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष हरिगोविंद मिश्रा, कोषाध्यक्ष गोपाल गर्ग, संरक्षक महेश शर्मा, रोहित अरोड़ा, घनश्याम गुप्ता, अशोक राणा, देवेश जादौन, मानसिंह, संजय डीगिया, महिला मंडल की अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, सपना डीगिया,नीलम जादौन, प्रेरणा बंसल, सुनीता गुप्ता, खुशबू आदि उपस्थित थे। अंत में समिति प्रवक्ता हरि गोविन्द मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मैराथन 6 अप्रैल को

**गंगापुर सिटी ।** लायंस क्लब एवं आकाश इन्सटियूट के संयुक्त तत्वाधान में रन फॉर फन मैराथन को भगवती पैलेस में मैराथन टी शर्ट एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। मैराथन गंगापुर सिटी में 6 अप्रैल 2025 को सुबह 5.30 बजे फल-सब्जी मंडी उदेई मोड से शुरू होगी। अदालत परिसर में वकीलों और परशुराम सेना ने भी पोस्टर का अनावरण किया। सभापति शिव रतन अग्रवाल, संयोजक डॉ. अनुज शर्मा और राजीव पालीवाल ने नगरवासियों से अपील की कि स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित इस मैराथन में अधिक से अधिक लोग भाग लें। यह गंगापुर सिटी में दूसरी बार हो रही है। स्थान सीमित हैं, इसलिए जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराएं। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और मेडल दिए जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वालों को इनाम मिलेगा। मीडिया प्रभारी विजय मुकुट आई केयर ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर ।** अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्श समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गई।

अतिरिक्त कलक्टर शहर ने जिले के बैंकों के सीडी रेशियो की बैंकवार विस्तृत समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम सीडी रेश्यो वाले बैंको के जिला समन्वयको पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निदेश दिया कि अपने-अपने बैंकों का सी.डी. रेशियो मे त्वरित गति से 60 प्रतिशत से उपर लाये। उन्होंने सभी बैंको को निर्देश दिया गया कि मार्च तिमाही मे कृषि, एमएसएमई एवं रिटेल के सभी लंबित ऋण आवदेनो को त्वरित स्वीकृत कर मार्च तिमाही मे जिला के सीडी रैशियो को राज्य के सीडी रैशियो के बराबर लान सुनिश्चित करें। उन्होंने राजीविका के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द समूह का बचत खाता खुलवा कर उनका ऋण आवदेन जल्द से जल्द बैंको को भेजना सुनिश्चित करें तथा जो समूह ब्लॉक से सबन्धित है उनका ऋण आवदेन उसी ब्लॉक के बैंको को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला उधोग केंद्र को निर्देश दिया गया कि वितीय वर्ष 2025-26 मे सभी सरकारी एवं गेर सरकारी बैंको को पीएमईजीईपी का टार्गेट दे एवं उन्हे ऋण आवदेन भेजना सुनिश्चित करे ।

अठाणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार ने दिसम्बर तिमाही 2024 मे जिले के बैंकों की उपलब्धि का विस्तृत ब्यौरा सभा पटल पर रखा। अठाणी जिला अधिकारी मंडीप सिंह वालिया, डीडीएम नाबार्ड राजेश मीणा द्वारा द्वारा जिले में प्राथमिक क्षेत्र के तहत कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण वितरण करने का निर्देश दिया।

वितीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक क्षेत्र मे कुल 5100 करोड़ का लक्ष्य दिया गया तथा जिसे अठाणी जिला प्रबन्धक द्वारा प्राथमिक क्षेत्र मे कुल 5100 करोड़ के लक्ष्य को ब्लॉक वार एवं बैंक वार बजट को सभा पटल पर रखा।

## भंडारे के आयोजन को लेकर सांसद ने तैयारियों का जायजा लिया

**गंगापुर सिटी ।** पंचायत समिति सभागार में बुधवार को जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढानिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। इन योजनाओं में महानरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वामित्व योजना शामिल थीं। साथ ही विधायक मद, सांसद मद, राज्य वित्त आयोग और पंद्रहवां वित्त आयोग की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महानरेगा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या बढाने पर जोर दिया। पौधशाला विकसित करने और अधिक श्रमिकों को रोजगार देने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांवों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रधान मंजू गुर्जर ने बताया कि पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गांव-गांव जाकर सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर ने बैठक का संचालन किया। बैठक में प्रशासक, पंचायत समिति स्टाफ, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

■ सीईओ ने पंचायत समिति में ली समीक्षा बैठक, कर्मचारियो को दिए आवश्यक निर्देश



गंगापुर सिटी में आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

## गौ हत्या पर कानून बने

**गंगापुर सिटी ।** विजय पैलेस में सात दिवस से चल रही श्रीमद् भागवत कथा समापन के उपरांत राष्ट्रीय भागवताचार्य डॉ संतोष दास महाराज द्वारा प्रेस वार्ता में कहा की देश में गाय माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जावे और गौ हत्या पर सरकार कानून बनाएं। गोधन को बचाने और संरक्षण के लिए हम सभी की जिम्मेदारी के साथ सरकार को कानून लाना चाहिए तभी सनातन धर्म बचेगा। सनातन धर्म के प्रति हिंदू जागरुक हो चुका है। प्रेसवार्ता में आचार्य ने कहा कि वे 1996 से कथा वाचन कर वैदिक धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। अब तक सात सौ से अधिक कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के प्रति धर्म प्रचार प्रसार किया है। प्रयागराज में लगे महाकुंभ की वार्ता में कहा कि महाकुंभ स्थल पर चार बार कथा वाचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यूपी सरकार की ओर से माकूल व्यवस्थाएं की गई आपके राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा भी महाकुंभ में श्रद्धालुओं को बेहतरीन व्यवस्था करके सहयोग प्रदान किया। आचार्य ने महाकुंभ में भगदड की घटना को प्रायोजित बताया आगे की कथा प्रोग्राम पर आचार्य ने कहा कि 3० मार्च से हरिद्वार में कथा होगी एवं 18 अप्रैल से बल्लभगढ हरियाणा में कथा का आयोजन है। आचार्य ने कहा कि प्रत्येक हिंदू जनमानस को वैदिक संस्कृति अपनाना चाहिए। वेदों को समझना होगा, वेद ही हमारे जीवन का सार है।

## आरोपी महिला पुलिस गिरफ्त में



इनामी महिला आरोपी को किया गिरफतार

**गंगापुर सिटी ।** एक खेत में पानी के विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने 2 हजार रुपए की इनामी महिला आरोपी फौरंती देवी (43) को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को भी डिटेन किया गया है। घटना 7 दिसंबर 2024 को उमरी में हुई थी। मृतक गोविंदा अपने खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान भागीरथ, प्रेम, गुलाब और अन्य आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गोविंदा को एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में बनी सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गइ । पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामबाबू, तेजराम सिंह, राजमल और लक्ष्मी कंवर शामिल थे।

■ पुलिस ने 2 हजार रुपए की इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को भी डिटेन किया है।

## राज्य मंत्री ने लिया जायजा

**भरतपुर।** प्रदेश स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 27 मार्च को भरतपुर आगमन एवं समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राउंड की तैयारियों का जायजा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, अतिरिक्त आयुक्त मनरेगा जुगल किशोर मीणा, जिले के प्रशासनिक पुलिस एवं विभागों के अधिकारी और जयपुर से आए अधिकारीगण उपस्थित रहे। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि जिले के नागरिक माननीय मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए उत्सुक है राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित कर मुख्यमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से जिलों में सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में भरतपुर एवं डीग जिले के नागरिक बडी संख्या में भाग लेकर मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुनेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की स्टॉल लगाई जायेंगी, सरकार की योजनाओं की जानकारीपरक साहित्य का वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री समारोह में जिले के लाभार्थियों को अपने हाथों से लाभ प्रदान कर रूबरू होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों के फोल्डर पुस्तिका एवं योजना से संबंधित नियमों की पुस्तिका का विमोचन भी होगा।